भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3567

21 मार्च, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एचएमपीवी की घातकता

3567. सुश्री सयानी घोषः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) से जुड़े घातक जोखिम को चिह्नित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार ने एचएमपीवी से प्रभावित रोगियों का सफलतापूर्वक उपचार किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): मानव मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) वर्ष 2001 से वैश्विक स्तर पर मौजूद है। एचएमपीवी कई श्वसन वायरस में से एक है जो सभी उम्र के लोगों में संक्रमण, खासकर सर्दियों और शुरुआती वसंत ऋतु के महीनों के दौरान, का कारण बन सकता है, इसके लक्षणों में खांसी, बहती नाक, बुखार, गले में खराश और सांस लेने में तकलीफ शामिल हो सकती है। वायरस का संक्रमण आमतौर पर हल्का और स्व-सीमित स्थिति वाला होता है और अधिकांश मामले अपने आप ठीक हो जाते हैं।

6 जनवरी, 2025 से 27 फरवरी, 2025 की अवधि के दौरान भारत में एचएमपीवी के कुल 90 मामले और 2 मौतें (सह-रुग्णता के कारण मृत्यु) दर्ज की गई हैं। कुल 88 मामलों में रोगी को उपचार के बाद डिस्चार्ज किया जा चुका है।

*****